असिस्टेंट जनरल रेवरन ब्रदर प्रताप रेड्डी का शुभागमन

आज दिनांक 13/08/2019 को विद्यालयीन भ्रमण हेतु हमारे विद्यालय सेंट मोंटफोर्ट में रेवेरल ब्रदर प्रताप रेड्डी (असिस्टेंट जनरल ब्रदरस ऑफ़ सेंट गेब्रियल)भोपाल पधारेइस सुनहरे अवसर पर संस्था के प्रोविंस सुपीरियर रेव्रल ब्रदर जेम्स एक्का भी उपस्थित थे |अतिथियों का स्वागत एवं अगवानी विद्यालय के स्काउट/ गाइड के छात्र-छात्राओ द्वारा ससम्मान की गई |

अतिथि देवो भाव इस परम्परा का निर्वाह करते हुए ब्रदर के स्वागत का कार्यक्रम प्रभु प्रार्थना के साथ शुरू किया गयात|त्पश्चात विदयालय के प्राचार्य रेवेरल ब्रदर मोनाचन के.के. ने प्रकृति के वरदान पौधों की भेट के साथ हमारे सम्मानीय अतिथि महोदय का स्वागत किया |साथ ही पौधे रूपी गुलदस्ते द्वारा रेव्रल ब्रदर जेम्स एक्का का भी अभिवादन किया |विद्यालय के छात्र -छात्राओं ने अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति द्वारा बचाओ -बेटी पढाओ एवं प्रकृति बचाओं का संदेश दिया |जिसकी अतिथि महोदय ने भूरी-भूरी प्रशंसा और सराहना की साथ ही इसी तरह आगे बढ़ने की प्रेरणा दी |

अंत में कक्षा ग्यारवी के छात्र मोहित ममतानी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया स्|कूल एंथम के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया |

अपरान्ह विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के साथ रेवेरल ब्रदर प्रताप रेड्डीने अपना अमूल्य समय व्यतीत किया इ|स अवसर पर स्वागत सत्कार के साथ शिक्षकों- द्वारा गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति की गई |

प्राचार्य जी ने सम्मानीय रेड्डी जी की प्रतिभाओं का वर्णन किया अ|तिथि महोदय ने अपना उद्बोधन में शिक्षक एवं छात्रों के सम्बन्ध,शिक्षा आदि का वर्णन किया |

अतिथि महोदय ने समस्त शिक्षकों को विद्यार्थियों के सर्वांगीणविकाश के लिए नवीन पद्धतियाँ अपनाने के लिए प्रेरित किया |समस्त शिक्षकों ने उनके विचारो को अपनाने का संकल्प लिया |